# रंजिश में कहासुनी के बाद मारपीट, कई महिलाएं घायल

## दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ कराई रिपोर्ट दर्ज

- मुर्गा के मीट के रेटों पर हुई थी दो पक्षों में कहासुनी
- पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजा अस्पताल, जांच करेगी पुलिस





मामूली कहासुनी के बाद हुई मारपीट में दोनों पक्षों की ओर से घायल।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** खंदरावली में रंजिशन कहासुनी के बाद दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद थाने पहुंचे दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेज दिया है।

शुक्रवार को खंदरावली निवासी फरमान पुत्र मौमीन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि किठौर का युवक गांव में इब्ने सऊद की दुकान में मुर्गा मीट बेचता है। सुबह करीब 10 बजे फरमान के पिता मीट लेने उसके पास गए थे। वहां रेट को लेकर मीट विक्रेता से उनकी कहासुनी होने लगी। शोरगुल सुन इब्ने सऊद मौके पर पहुंचा और फरमान के पिता के साथ गाली-गलौच, मारपीट शुरू कर दी। पिता को बचाने फरमान मौके पर पहुंचा तो रईस, शमीम, कफील पुत्र इब्ने सऊद ने उसके सिर में सरिया मार दिया। जिससे फरमान लहूलुहान हो गया। आरोपियों ने फरमान की बहन सानिया को भी पीटकर घायल कर दिया। वहीं इब्ने सऊद ने बताया कि मौमीन पक्ष से उसकी पुरानी रंजिश है। मौमीन इब्ने सऊद की दुकान में मुर्गा मीट बेच रहे युवक के पास आया था। जहां रेट को लेकर दोनों में कहासुनी हो रही थी। इब्ने सऊद ने शोर करने को मना किया तो मौमीन ने गाली-गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि मौमीन के साथ उसके बेटों फरमान, फरजंद, फरियाद, शहरयाब और वकील ने भी इब्ने सऊद उसके बेटों व परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गईं। इंस्पेक्टर प्रताप सिंह का कहना है कि घायलों को उपचार के लिए भेजकर दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# भौतिक विज्ञान का आसान पेपर देख खुशी से झूम उठे छात्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** यू.पी.बोर्ड व सी.बी.एस.ई. की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं कड़ी चोकसी के बीच जारी हैं। इसी क्रम में 27 फरवरी को सुबह की पाली में कक्षा 10 का गणित का पेपर वहीं दूसरी पाली में फिजिक्स का पेपर दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 तक सम्पन्न हुआ।

भौतिक विज्ञान का पेपर देखकर परीक्षा केन्द्र से बाहर आये छात्र छात्राओं के चेहरों पर मुस्कान साफ-साफ बता रही थी कि पेपर आसान रहा। जब अभ्यर्थियों से पेपर के बारे में जानकारी ली गई तो उनकी प्रतिक्रियायें साबित कर रही थी कि पेपर बेहद आसान रहा। इसके विप. रीत कुछ छात्रों को कुछ प्रश्न कठिन भी लगे तो कुछ को पेपर औसत लगा। वहीं भौतिक शास्त्र के पेपर को लेकर महलका एजुकेशन सेन्टर के संचालक शहजाद नसीर से बातचीत की गयी तो उन्होंने बताया कि जिन स्टूडेन्टस के कॉन्सेप्ट क्लीयर थे, प्रॉब्लम सॉल्विंग एबिलिटी स्ट्रांग थी, वे पेपर को आसानी से सॉल्व कर पाये। डेरिवेशन, लघु, अति लघु, बोघात्मक, ज्ञानात्मक प्रश्न कॉन्सेप्चुअल थे। बहुविकल्पीय प्रश्न भी बहुत ही आसान रहे। जिन छात्रों ने न्यूमेरिकल्स की सम्पूर्ण वर्ष टेस्ट के जरिए प्रैक्टिस की वे उन्हें आसानी से सॉल्व कर पाये। पेपर के जरिए छात्रों की कॉन्सेप्ट के प्रति समझ-बूझ को चेक किया गया ओर देखा गया कि विद्यार्थी इसे कैसे एप्लाई करते हैं। कुल मिलाकर प्रश्न-पत्र निर्धारित पाठयक्रम से सीधे प्रश्नों के साथ अच्छी तरह से सन्तुलित रहा। जिन अभ्यर्थियों ने सम्पूर्ण वर्ष टेस्ट, कक्षा के नोट्स, पिछले वर्षों के प्रश्न-पत्रो से जी लगाकर मेहनत की उनके लिए पेपर उच्च स्कोरिंग रहा।

# ग्रामीणों ने मनचले को पकड़कर पीटा मौके पर पहुंची पुलिस में मनचले को छुड़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना क्षेत्र के गांव में एक मनचले को उस समय भारी पड़ गया जब वह अपनी प्रेमिका से मिलने गांव पहुंचा तो तभी इसकी भनक ग्रामीणों और परिवार वालों को लग गई तभी ग्रामीणों ने उसको पकड़ कर खूब पीटा। तभी सूचना पाकर पहुंचे सिवालखास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार ने किसी तरह मनचले को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाया और थाने लेकर आए जहा वह बुरी तरह घायल हो गया था। वहीं देर शाम तक थाना पुलिस जांच पड़ताल में जुटी रही। वहीं सिवाल खास चौकी इंचार्ज ने बताया की परि. जनों को सूचित कर दिया है वही मामले की जानकारी की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मनचला काफी समय से युवती को परेशान कर रहा था। परिजन काफी समय से मनचले की तलाश में थे। थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# होली पर्व पर उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध विद्युत आपूर्तिः रविश गुप्ता

## प्रबंध निदेशक ने सभी जनपदों के अधिकारियों को दिए निर्देश

- होलिका दहन कार्यक्रमों को विद्युत लाईनों से सुरक्षित दूरी पर आयोजित कराने को स्थानीय स्तर पर निगरानी रखने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पीवीवीएनएल के प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता द्वारा आगामी होली पर्व के अवसर पर, उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं सुचारू रूप से आपूर्ति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये है। प्रबंध निदेशक द्वारा सभी जनपदों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है की त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार का व्यवधान न होने पाए यदि किसी कारणवश ब्रेकडाउन या आपूर्ति बाधित होती है तो उसका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। होली के अवसर पर प्रमुख मार्गो, बाजारों एवं भीड-भाड वाले स्थलों पर, विद्युत लाईनों, उपकरणों एवं अन्य तकनीकी खामियों को जांचकर उन्हें तत्काल दुरूस्त करने के निर्देश दिये गए हैं। सभी क्षेत्रों मे मरम्मत गैग आवश्यक उपकरण, ट्रांस्फार्मर एवं सामग्री को चिन्हित स्थानों पर उपलब्ध कराने को कहा गया है ताकि किसी भी लोकल फॉल्ट या ब्रेकडाउन की स्थिति मे न्यूनतम समय मे आपूर्ति बहाल की जा सके। प्रबन्ध निदेशक ने रात्रि के समय प्रमुख स्थलों के विशेष निगरानी के निर्देश दिए है। जनपद स्तर पर 24 घंटे संचालित कन्ट्रोल रूम को पूरी तराह सक्रिय रखते हुए, सक्षम अधिकारियों की तैनाती के निर्देश दिए गए है। होलीका दहन कार्यकमों को विद्युत लाईनों से सुरक्षित दूरी पर आयोजित कराने को, स्थानीय स्तर पर, निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं सभी वितरण ट्रांसफार्मरों की जांच कर, आवश्यक सुरक्षा गार्डिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु हैल्प लाईन नं. 1912 पर विशेष रूप से सतर्क रहने के निर्देश दिए गए है ताकि शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित क्षेत्र में त्वरित कार्यवाही की जा सके। अस्थााई संयोजन की व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए यदि किसी कार्यकम समारोह स्थल पर अस्थाई विद्युत संयोजन की मांग आती है तो उसे नियमानुसार अविलम्ब, अस्थाई संयोजन देने के निर्देश दिए गए है जिससे उपभोक्ता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपभोक्ताओं से अपील की गई है किसी भी विद्युत संबंधि समस्या होने पर तत्काल विद्युत हैल्प लाईन नं. 1912 या निकटतम विद्युत कार्यालय में शिकायत दर्ज कराए जिससे समस्या का शीघ्र समाधान किया जा सके।

# भोला झाल बना शूंटिंग स्पॉट, मुंबई और दिल्ली से जुटे कलाकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना क्षेत्र के भोला झाल पर इन दोनों एक वेब सीरीज की शूटिंग चल रही है। जिसमें जयदीप धनखड़ कलाकार है और वेब सीरीज का नाम है पुष्पक विमान वहीं इस शूटिंग को देखने आसपास के लोग जुड़ रहे हैं जिनको पुलिस को बाहरी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि शूटिंग के दौरान काफी भीड़ हो जाती है और लोग फोटो लेने की होड़ में लगे हैं। वहीं ग्रामीणों का तांता लगा हुआ है वहीं भोला झाल इन दिनों चर्चाओं में है शूंटिंग स्पोर्ट्स कलाकारों ने इसी जगह को शूटिंग के लिए चुना है।

# सिद्ध पीठ बाबा श्याम के मंदिर में फाल्गुन निशान यात्रा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के गांधारी तालाब परिसर स्थित सिद्ध पीठ बाबा श्याम के मंदिर में अमला एकादशी के अवसर पर फाल्गुन निशान यात्रा का आयोजन किया गया। वहीं दो दिवसीय भजन संध्या भी की गई जिसमें सुप्रसिद्ध गायको ने एक से एक सुंदर भजन सुना कर बाबा श्याम का गुणगान किया।

शुक्रवार सुबह श्याम बाबा की भव्य आरती के बाद निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा बाबा श्याम के सिद्ध पीठ मंदिर से शुरू होकर मेरठ मार्ग से भगत सिंह चौक होते हुए मुख्य बाजार शिव चौक मवाना स्टैंड, किठौर स्टैण्ड होते हुए गांधारी तालाब स्थित मंदिर पर संपन्न हुई। निशान यात्रा में बाबा श्याम जहां बग्गी पर विराजमान थे वहीं सैकड़ो महिला पुरुष निशान लेकर आगे चल रहे थे तथा उससे आगे डीजे में ढोल की धुन पर युवा भक्त डांस कर बाबा की जयकारे कर रहे थे। वहीं शुक्रवार व शनिवार की शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें प्रसिद्ध गायक रिया अग्रवाल, वैभव शर्मा, तनु शर्मा, अजय बिट्टू राजू नगर, मो. हित कश्यप, रितिका नामदेव कपिल यादव आदि मुख्य गायक बाबा श्याम का अपने भजनों के माध्यम से गुणगान करेंगे। वहीं पंडित सूरज नौटियाल ने पूजा अर्चना संपन्न कराई कार्यक्रम को सफल बनाने में अनु गर्ग राजीव बंसल, रुपिन बंसल दीपक राजवंशी पवन, नीटू जिंदल, मयंक अग्रवाल, अभिषेक, वंदना गर्ग, दीपाली, रेखा बंसल , शोर्य कर्णवाल सहित अनेक भक्तजनों का सहयोग रहा ।

# सेवानिवृत्ति पर कई न्यायाधीशों ने अंजू गुप्ता को दी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सत्र न्यायालय में लगभग 37 साल अपनी सेवाएं देकर शनिवार को एस.सी./एस.टी. कोर्ट की पेशक. ार अंजू गुप्ता सेवानिवृत्त हो रही हैं। चतुर्थ शनिवार के दिन न्यायाधीश कार्यकक्ष में नहीं आते हैं इस कारण अंजू गुप्ता को विदाई देने के लिए कई न्यायाधीश उनकी कोर्ट में पहुंचे और उनकी सेवाओं की सराहना की। सबसे पहले एस.सी./एस.टी. कोर्ट के न्यायाधीश पवन शुक्ला ने ही उन्हें फूलों का गुदस्ता भेंट किया, इसके बाद एडीजे प्रथम असलम सिद्दीकी भी उन्हें विदाई देने पहुंचे और एसीजेएम तृतीय नदीम अनवर भी उनकी सेवाओं की सराहना करते हुए दिखाई दिए। सभी न्यायाधीशों ने एक कंठ से कहा कि अंजू गुप्ता वास्तव में बहुत सुलझी हुई और सिविल और फौजदारी दोनों कार्यों में पारंगत रही हैं। इनके साथ काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा है। इसके अलावा कोर्ट के एडीजीसी मोहित गुप्ता ने भी अपने साथियों के साथ अंजू गुप्ता को पुष्पगुच्छ भेंट किया और जलपान भी कराया। शनिवार (आज) को अंजू गुप्ता के अलावा सदर मुंसरिम सीमा का भी रिटयारमेंट हैं। कर्मचारियों के द्वारा आज दोनों को विदाई दी जाएगी।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने लॉन्च किया फंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ। मिरठ।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) के तहत डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह नया फंड ग्राहकों को लगातार लाभांश (डिविडेंड) प्रदान करने वाली मजबूत कंपनियों के स्टॉक में निवेश कर दीर्घकालिक स्तर पर धन सृजन करने में मदद करेगा। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य निवेश अधिकारी मनीष कुमार ने इस लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स फंड ग्राहकों को लगातार डिविडेंड देने वाली मजबूत कंपनियों में निवेश कर इक्विटी बाजार में भागीदारी करने का अनुशासित और पारदर्शी तरीका प्रदान करता है।

# घर में घुसकर मारपीट का आरोप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाना क्षेत्र के गांव सदरपुर में एक महिला ने गांव के कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता अनीता पत्नी बालकिशन ने बहसूमा थाना में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। शिकायत के अनुसार, पुरानी रंजिश के चलते आरोपी उसके घर के बाहर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर वे जबरन घर में घुस आए और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। आरोप है कि लाठी-डंडों से दरवाजा तोड़कर सामान भी क्षतिग्रस्त किया गया। शोर सुनकर ग्रामीणों ने बीच-बचाव कराया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और तथ्य सामने आने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



# कार्यालय ग्राम पंचायत दुल्हैड़ा चौहान वि.ख. दौराला, मेरठ।

पत्रांक: 07/ग्रा.पं./ प.उ.भ.नि./ 2025–26 दिनांक: 27.02.2026

## निविदा सूचना

पंचायत उत्सव भवन निर्माण हेतु गठित समिति के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में ग्राम पंचायत **दुल्हैड़ा चौहान** विकास खण्ड– दौराला, मेरठ के पत्र संख्या– 07/ग्रा.पं./ पं.उ.भ.नि./ 2025– दिनांक 27.02.2026 के द्वारा निविदा आमंत्रित की गई हैं। दुल्हैड़ा चौहान में पंचायत उत्सव भवन निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराया जाना है, जिसके लिए निविदा प्रणाली के अर्न्तगत दिनांक 28.02.2026 से दिनांक 13.03.2026 तक निनिदा आमंत्रित की जा रही है। आमंत्रित निनिदा दिनांक 16.03.2026 को निनिदा समिति एनं अधोहस्ताक्षरिगों के सगक्ष कार्यालय जिला पंचायत राज्य अधिकारी, द्वितीय तल, विकास भवन कलेक्ट्रेट गें खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र नकद गूल्य देकर ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में नियमानुसार प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र. स. | योजना का नाम | कार्य का नाम | ईकाई | कार्य की लागत 141.03 लाख जीएसटी रहित | धरोहर राशि 2 प्रतिशत (रू. में) | 0.02 प्रतिशत | निविदा मूल्य | जीएसटी 18 प्रति. | निविदा मूल्य (जीएसटी सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंचायत उत्सव भवन निर्माण | पंचायत उत्सव भवन का निर्माण दुल्हैड़ा चौहान विकास खण्ड दौराला | प्रति | 11949153/– | 239000/– | 2390/– | 2400/– | 432/– | 2832/– | 06 माह |

**शीलबंद निविदाओं की शर्ते:**

1. उत्तर प्रदेश के शासकीय विभागों एवं कार्यदायी संस्था में पंजीकृत फर्म/ ठेकेदार जिन्हें शासकीय भवन निर्माण कराये जाने का अनुभव है, वे निविदा प्रकिया में प्रतिभाग कर सकेंगे। अन्यथा सम्बन्धित निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। **2.** शासनादेश सं. 730/ 33–3–2022–11/ 2022 दिनांक 28.04.2022 में दी गई व्यवस्था के अनुसार पंचायतीराज विभाग से जुडे पदाधिकारी/ कर्मी/ परिवार/ सगा सम्बन्धी (जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत के कर्मी, जिला पंचायत राज अधिकारी, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, ग्राम पंचायत प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, पंचायतीराज विभाग के कर्मी, विभाग में संविदा पर कार्यरत कर्मी) के परिवारिक सदस्यों व रिश्तेदारों द्वारा निविदा प्रकिया में भाग नहीं लिया जायेगा। संज्ञानित होने पर निविदा निरस्त कर काली सूची में डालने की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी। **3.** निविदादाता द्वारा प्रत्येक निविदा के सापेक्ष निविदा की धरोहर धनराशि व निविदा मुल्य की धनराशि नगद (डी.डी.) के माध्यम से अथवा एन.ई.एफ.टी./ आर.टी. जी.एस. के माध्यम से ग्राम पंचायत– दुल्हैड़ा चौहान के भारतीय स्टेट बैंक, मेरठ के खाता संख्या– 41505606387 आई.एफ.सी. कोड– SBIN0003067 में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक निविदा के साथ जमा धरोहर धनराशि व निविदा मूल्य की धनराशि के सापेक्ष ट्रांजेवशन की नम्बर की फोटो कॉपी/ डी.डी., एफ.डी.आर. (जो पंचायत ग्राम पंचायत, दुल्हैड़ा चौहान विकास खण्ड–दौराला के नाम बधक हो) सीलबन्द निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। **4.** निविदादाता को अपने समस्त अर्ह प्रमाण पत्र यथा जिलाधिकारी द्वारा निर्गत वैध हैसियत प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र, जी.एस.टी., श्रम रजि., टी.–6 निविदा शुल्क व निविदा जमानत की जमा रसीदे व शासकीय विभाग में पंजीकरण एवं भवन निर्माण कराने का अनुभव वैध प्रमाण पत्रों की फोटोकॉपी संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा सम्बन्धित निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। **5.** कार्गदागी संस्था का रजिस्ट्रेशन सक्षम प्राधिकारी के द्वारा होना चाहिए। **6.** ठेकेदारों का निविदा स्वीकृति के उपरान्त उ.प्र. भवन निर्गाण एवं अन्य सन्निर्गाण कर्गकार अधिनियग–1996 एवं उ.प्र. नियगावली 2009 के अन्तर्गत श्रग विभाग गें पंजीकरण कराकर कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। **7.** निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग या उपरलेखन मान्य नहीं होगा। प्रत्येक निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंकों तथा शब्दों में करना होगा। **8.** उपरोक्त कार्य में कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत है, ग्राम पंचायत द्वारा नियमानुसार अभियंता जिला पंचायत, मेरठ / जिला पंचायतराज अधिकारी, जनपद मेरठ की संस्तुति के उपरान्त भुगतान किया जायेगा। **9.** बिना जमानत धनराशि एवं बिना निविदा मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। **10.** शासनादेश संख्या 499 133–3–2025–33–3099/ 63/ 2025, दिनांक 22 मई, 2025 में दी गई दिशा–निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। **11.** एजेन्सी का विगत तीन वर्षो का टर्न ओवर न्यूनतम 2 करोड़ होना चाहिए. (किन्तु किसी भी वित्तीय वर्ष में 50 लाख रूपये से कम न हो) **12.** एजेन्सी को कभी भी काली सूचीबद्ध (ब्लैक लिस्ट) न किया गया हो। इस हेतु 100 रू. के स्टाम्प पेपर पर शपथ–पत्र भी देना होगा। **13.** एजेन्सी को पिछले तीन वित्तीय वर्ष 2022–23, 23–24, 24–25 का आयकर रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करनी होगी। **14.** निविदा को रद्द करने का सम्पूर्ण अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा। **15.** एजेन्सी द्वारा तकनीकी एवं वित्तीय निविदाये पृथक–पृथक सील बन्द लिफाफों में बन्द कर दोनों निविदाये एक बड़े लिफाफे में सील बन्द कर उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा। **16.** निविदा पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले समस्त अभिलेखों की प्रतियां स्वः प्रमाणित होना अनिवार्य है। **17.** प्राप्त की गयी निविदाओं में से प्रथम चरण में तकनीकी निविदायें गठित कमेटी द्वारा खोली जायेगी। तकनीकी निविदाओं में समस्त नियम/ शर्ते/ मानक पूर्ण न करने वाली कार्यदायी संस्था की तकनीकी निविदायें समिति द्वारा रद्द कर दी जायेगी तथा उनकी वित्तीय निविदायें भी नहीं खोली जायेगी। समस्त नियम/ शर्ते/ मानक पूर्ण करने वाली कार्यदायी संस्था के तकनीकी निविदा में पात्र पाये जाने के उपरान्त ही उन्ही कार्यदायी संस्था की वित्तीय निविदायें खोली जायेगी। किसी भी कार्यदायी संस्था की निविदा 10 प्रतिशत से अधिक न्यून अतिरिक्त धरोहर राशि नियमानुसार प्राप्त की जायेगी। जिस कार्यदायी संस्था की वित्तीय दरें सबसे न्यूनतम पायी जायेगी, उसी कार्यदायी संस्था का नियमानुसार चयन किया जायेगा। अपात्र कार्यदायी संस्था की EMD उसी दिन वापस कर दी जाएगी। **18.** निविदादाता को निविदा के साथ वैध पैन कार्ड, आधार कार्ड, जीएसटी प्रमाण–पत्र, हैसियत प्रमाण–पत्र (ग्रेड–ए एवं बी) तथा चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव**
ग्रा.पं.–दुल्हैड़ा चौहान, वि.ख.–दौराला।

**प्रधान**
ग्रा.पं.–दुल्हैड़ा चौहान, वि.ख.–दौराला।



# महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स अकैडमी सिवाया में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स अकैडमी सिवाया में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मेरा युवा भारत मेरठ के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी गौरव चौधरी विशिष्ट अतिथि दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सभी खेलों की शुरुआत करवाई और विजेता खिलाड़ियों को जिला युवा अधिकारी यशवंत यादव व नरेंद्र त्यागी ने प्रशस्ति पत्र शील्ड और टी शर्ट देकर सम्मानित किया वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर भराला की टीम रही और दूसरे स्थान पर मोहम्मदपुर की टीम रही।

रस्सा कशी में मटौर प्रथम स्थान पर और भराला दूसरे स्थान पर रहा 800 मी पुरुष दौड़ में संदीप भाटी लोईया प्रथम स्थान अभिषेक चौधरी जमालपुर द्वितीय स्थान हर्ष दौराला तीसरे स्थान पर रहा 400 मी महिला दौड़ में पायल दौराला प्रथम स्थान सोनाक्षी शर्मा भराला दूसरे स्थान पायल भाटी मामुरी तीसरे स्थान पर रही लंबी कूद पुरुष विशेष कुमार सिवाया प्रथम स्थान संदीप भाटी लोईया दूसरा स्थान सचिन दौराला तीसरे स्थान पर रहा लंबी कूद महिला पायल दौराला प्रथम स्थान सोनाक्षी शर्मा भराला दूसरे स्थान गार्गी शर्मा भराला तीसरे स्थान पर रही महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स अकादमी के चेयरमैन राहुल विहान ने सभी अतिथियों को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान चौधरी राजपाल सिंह जुडो अकैडमी के चेयरमैन सत्येंद्र फौजी, जिला युवा अधिकारी यशवंत यादव, एथलेटिक्स कोच मनीष सिवाच, गौरव विहान, उमेद आदि मौजूद थे।

# मेदांता न्यूजवीक द्वारा भारत का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल हुआ घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड द्वारा संचालित मेदांता – द मेडिसिटी, गुरुग्राम को न्यूजवीक की प्रतिष्ठित 'वर्ल्ड्स बेस्ट हॉस्पिटल्स 2026' रैंकिंग में भारत का नंबर 1 अस्पताल का दर्जा दिया गया है, जिसका संचालन स्टेटिस्टा इंक. के साथ साझेदारी में किया गया है। यह लगातार सातवां वर्ष है जब मेदांता को विश्व के अग्रणी अस्पतालों में स्थान मिला है। इस उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए, मेदांता के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. नरेश त्रेहान ने कहा कि भारत में नंबर 1 अस्पताल के रूप में मान्यता प्राप्त करना नैदानिक उत्कृष्टता, नवाचार और रोगी-केंद्रित देखभाल के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मेदांता में, हम निरंतर उन्नत उपचारों में अग्रणी बनने, अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने और परिणामों में सुधार करने के लिए प्रयासरत हैं, साथ ही विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा को सभी के लिए सुलभ बनाने का प्रयास करते हैं, जो हमारे मार्गदर्शक दर्शन 'हर एक जान अनमोल' के अनुरूप है। 2026 की रैंकिंग में भारत, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, जापान, सिंगा. पुर, यूनाइटेड किंगडम और यूनाइटेड स्टेट्स समेत 32 देशों के 2,500 अस्पतालों को इवैल्यूएट किया गया।



**सूचना**

मैंने अपना नाम GULANAJ W/o VASEEM से बदलकर GULNAAZ W/o WASEEM रख लिया है। भविष्य में मुझे GULNAAZ W/o WASEEM निवासी गांव रसूलपुर धौलडी नानू फतहपुर जिला (मेरठ) के नाम से जाना जाए।

# स्वार के वकील भी शाहबाद आन्दोलन के समर्थन में उतरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के वकीलों ने शाहबाद तहसील के वकीलों के समर्थन में भृष्टाचार के खिलाफ चलाये जा रहे आन्दोलन में शामिल होने की घोषणा कर दी है। जिसके कारण तहसील स्वार के वकीलों ने तीन दिन तक न्यायिक कार्य नहीं करने की घोषणा की है। शुक्रवार को सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के वकीलों की बैठक अध्यक्ष विक्रम सिंह संधू के नेत्रत्व मे हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि शाहबाद तहसील में वकील भृष्टाचार के कारण पीड़ित है और लगातार



आन्दोलनरत हैं। जिसके समर्थन में दिनांक 27.02.2026 से 28.02.2026 व दिनांक 03.03.2026 सीनियर बार वेलफेयर एसो० स्वार के समस्त अधिवक्ताओं द्वारा उपजिलाधिकारी महोदय, तहसीलदार महोदय, नायब तहसीलदार महोदय क्षेत्र स्वार, और नायब तहसीलदार महोदय क्षेत्र माटखेड़ा के न्यायालयों में न्यायिक कार्य नहीं करने की घोषणा कर दी गई। इस मौके पर बार के सभी वकील मौजूद रहे।

# डंपरों के आतंक पर सांसद सख्त सीएम को लिखेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने जनपद रामपुर की सड़कों पर रात में अनियंत्रित दौड़ रहे डंपरों के खिलाफ कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने जिला प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है कि डंपरों के इस 'खूनी खेल' पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। सांसद ने कहा कि खनन और निर्माण सामग्री ढोने वाले डंपरों के लिए प्रदेश स्तर पर सख्त नीति बनाई जाए और रात के समय रिहायशी इलाकों में इनके प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में डंपर से कोई हादसा होता है तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए। उन्होंने बिना फिटनेस, ओवरलोडेड और तेज रफ्तार डंपरों को ब्लैकलिस्ट करने तथा उनके परमिट स्थायी रूप से निरस्त करने की मांग की। साथ ही रामपुर की प्रमुख सड़कों का सुरक्षा ऑडिट कराने की भी बात कही, ताकि क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत हो सके। सांसद ने कहा, "जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है। यदि प्रशासन ने कड़ा रुख नहीं अपनाया तो हम सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करेंगे।" मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट ने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय को भी जल्द विस्तृत पत्र भेजा जाएगा।



# होली-रमजान को लेकर पुलिस सख्त, ज्वाला नगर में अतिक्रमण हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** होली और रमजान माह के मद्देनजर जाम की समस्या से निपटने के लिए पुलिस ने अभियान चलाकर सड़क किनारे फड़ लगाकर किए गए अतिक्रमण को हटवा दिया। साथ ही दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। शुक्रवार को पुलिस ने ज्वाला नगर क्षेत्र में सीआरपीएफ गेट संख्या तीन की ओर जाने वाले मार्ग पर कार्रवाई की। यातायात प्रभारी राजीव कुमार के निर्देशन में चलाए गए अभियान के तहत दुकानों के आगे सड़क पर फड़ लगाने वालों को हटाया गया। इस दौरान व्यापारियों और फड़ संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि यदि दोबारा सड़क घेरने की कोशिश की गई तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बाजार क्षेत्र में बैरीकेडिंग लगाकर चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर भी रोक लगा दी है, ताकि भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात सुचारु रह सके।

यातायात प्रभारी ने बताया कि त्योहारों के दौरान व्यस्त बाजारों में लोगों को जाम का सामना न करना पड़े, इसके लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं और अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# ग्रेटर नोएडा में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्ध नगर।** जनपद गौतम बुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आज मेरठ, मुरादाबाद एवं सहारनपुर मंडलों के विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष, निदेशक एनएचएम श्रीमती पिंकी जोएल, महा.





निदेशक स्वास्थ्य डॉ. पवन कुमार अरुण, महानिदेशक ट्रेनिंग डॉ. रंजना खरे, मुख्य विकास अधिकारी गौतम बुद्ध नगर श्री शिवाकांत द्विवेदी सहित तीनों मंडलों के अपर निदेशक, विभिन्न जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। केंद्र सरकार के नेतृत्व ओर मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

# स्वार में खैर तस्करी प्रकरण: रेंजर सस्पेंड, विभाग में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर जिले के स्वार क्षेत्र में खैर की लकड़ी तस्करी मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। वन विभाग उत्तर प्रदेश के वन रेंजर विजय सिंह को 50 लाख रुपये लेकर दो तस्करों को छोड़ने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। उन्हें मुरादाबाद स्थित वन संरक्षक कार्यालय से संबद्ध किया गया है।

450 क्विंटल खैर बरामद, कीमत करीब 73 लाख

मामला उस समय सुर्खियों में आया जब पंजाब के समीप एक गोदाम से 450 क्विंटल खैर की लकड़ी बरामद की गई। अंतरराज्यीय बाजार में खैर की कीमत करीब 10 हजार रुपये प्रति क्विंटल बताई जा रही है। इस हिसाब से जब्त लकड़ी की कीमत लगभग 73 लाख रुपये आंकी गई है।

वन विभाग की टीम ने करीब 13 घंटे तक पीछा कर कैंटर पकड़ा था। कुल 31 घंटे की कार्रवाई के बाद लकड़ी कब्जे में ली गई थी। चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो फरार बताए जा रहे हैं।

50 लाख लेकर छोड़ने का आरोप

सूत्रों के अनुसार, मुख्य तस्कर और उसके सहयोगी को कथित रूप से 50 लाख रुपये लेकर छोड़ दिया गया। आरोप है कि वन रेंजर ने तीन लाख रुपये का जुर्माना दिखाकर मामले को दबाने की को. शिश की। मामला उजागर होने के बाद विभाग में खलबली मच गई।

प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए

डीएफओ प्रणव जैन ने बताया कि प्रारंभिक जांच में अनियमितता पाए जाने पर वन रेंजर विजय सिंह को निलंबित कर दिया गया है। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

खैर की तस्करी लंबे समय से चल रही थी। इससे पहले भी तस्करी रोकने में नाकाम रहने पर रेंजर, डिप्टी रेंजर और वन दारोगा तक निलंबित किए जा चुके हैं। इस ताजा कार्रवाई से विभाग में हड़कंप की स्थिति है।

# मिस्टन गंज मस्जिद में जुमे का खिताब, पहले अशरे की अहमियत पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** रामपुर के मिस्टन गंज स्थित मस्जिद में जुमे की नमाज के मौके पर मुफ्ती मकसूद साहब ने खघ्तिाब किया। उन्होंने कहा कि रमजान मुबारक का पहला अशरा अपने इखघ्तिताम की ओर है, जो रहमत का अशरा कहलाता है। मुफ्ती मकसूद ने बयान करते हुए कहा कि यह दिन अल्लाह की खास रहमतों के होते हैं, इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि इबादत, तिलावत, दुआ और सदका-खैरात में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने रोजे की हिफाजत, नमाज की पाबंदी और आपसी भाईचारे को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रमजान सिर्फ भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि अपने किरदार और अखघ्लाकघ् को



बेहतर बनाने का महीना है। आखिर में उन्होंने मुल्क में अमन-ओ-शांति और तरक्की के लिए खास दुआ कराई।

# सैफनी के पास बाइक भिड़ंत में युवक गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर** थाना क्षेत्र के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहिद अली निवासी ग्राम लालाटिकर, जनपद



मुरादाबाद किसी निजी कार्य से बाइक द्वारा सैफनी आए हुए थे। काम निपटाने के बाद जब वह वापस घर लौट रहे थे, तभी सैफनी के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शाहिद अली सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को बुलाया। एंबुलेंस द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बही पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कार ने ई रिक्शा को मारी टक्कर तीन महिलाएं चोटिल

## एक महिला की हालत गंभीर काशीपुर अस्पताल मे भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मसवासी टांडा बाजपुर मार्ग पर मुरादाबाद दिशा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी जिसमें सवार तीन महिलाएं घायल हो गई एक महिला को काशीपुर के अस्पताल रेफर किया गया है। शुक्रवार को एक कार मुरादाबाद दिशा की ओर से टांडा होकर हल्द्वानी जा रही थी की मिलक खोद तिराहे पर ऑटो रिक्शा में तीन महिलाएं सवार थी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई दुर्घटना होते ही मार्ग पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और घायल महिलाओं को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जहां एक महिला निवासी कुसुम देवी थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर काशीपुर रेफर किया गया है पुलिस ने कार और उसमें सवार लोगों को अपनी हिरासत में ले लिया।



# चकबंदी समस्याओं के निस्तारण को ग्राम चमरा में विशेष ग्राम चौपाल आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर** गुरुबार को चकबंदी से जुड़ी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से सैफनी क्षेत्र के ग्राम चमरा में विशेष ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं और समाधान की मांग की।




कार्यक्रम में चकबंदी अधिकारी चरन सिंह विमल, ए.सी.ओ. महावीर सिंह, कानूनगो सतवीर सिंह तथा लेखपाल गोर्वि. बंद शर्मा मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों की भूमि सीमांकन, खातेदारी, चक मार्ग के विवाद, आपत्तियों के निस्तारण और राजस्व अभिलेखों में त्रुटियों से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से सुना। कई प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि जटिल मामलों को निर्धारित समयसीमा में निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया।चकबंदी अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप चकबंदी प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और किसानों के हित में संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे किसी भी समस्या के लिए सीधे विभागीय अधिकारियों से संपर्क करें, जिससे विवादों का समयबद्ध समाधान संभव हो सके। ग्राम चौपाल के आयोजन से ग्रामीणों में संतोष दिखाई दिया। लोगों ने उम्मीद जताई कि इस पहल से लंबे समय से लंबित चकबंदी विवादों का शीघ्र निस्तारण होगा और गांव में आपसी सौहार्द बना रहेगा।

# पत्थरबाजी-फायरिंग में प्रधानपति समेत चार पर मुकदमा दर्ज, गांव में पुलिस तैनात

**शाह टाइम्स संवादाता**

**सैफनी** थाना क्षेत्र के चन्दरपुरकलां गांव में गुरुवार शाम चकबंदी विवाद में हुई पत्थरबाजी और फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक पक्ष की ओर से मिली तहरीर के आधार पर प्रधानपति समेत चार नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के बाद गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस तैनात कर दी गई है।जानकारी अनुसार चंद्रपुरकलां के निकटवर्ती गांव चमरा में गुरुवार दोपहर चकबंदी अधिकारियों की ओर से ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया था। चकबंदी को लेकर ग्रामीणों का अलग-अलग रुख था। एक पक्ष के लोग चकबंदी के पक्ष में हैं। जबकि, दूसरा पक्ष चकबंदी के पक्ष में नहीं है। इसी को लेकर प्रधान पक्ष व पूर्व प्रधान पक्ष में विवाद था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते गुरुवार शाम चन्दरपुरकलां गांव में बाजार स्थल के समीप झगड़ा हो गया। आरोप है कि इस दौरान हुई पत्थरबाजी और फायरिंग की घटना में कई लोग घायल हो गए। मामले में मनीष प्रताप की ओर से दर्ज कराए मुकदमे में बताया गया कि गुरुवार शाम वह अपने साथी कृष्णपाल के



साथ गांव मे ही डेयरी से लौट रहे थे, तभी पहले से घात लगाए बैठे प्रधान पक्ष के लोगों ने उन्हें घेर लिया। पहले लाठी-डंडों से हमला किया गया, फिर अवैध तमंचों से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गई। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे अभयपाल और अभय चौहान को गोली मार दी गई। अभयपाल की जांघ और अभय चौहान के पैर में गोली लगी। दोनों का उपचार कराया जा रहा है। पुलिस ने प्रधानपति राजेश उर्फ राजवीर, वीरेंद्र, गोपाल, हरवीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चकबंदी विवाद में चली गोली, कई लोग घायल मची अफरा तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर** थाना क्षेत्र के ग्राम चमरा में चकबंदी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि फायरिंग हो गई। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद भेजा गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार एक पक्ष से रामपाल (70 वर्ष), गजराम (70 वर्ष) और विक्की पुत्र चंद्रपाल (24 वर्ष) घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष से बंटी उर्फ अभयपाल पुत्र वीरपाल सिंह (45 वर्ष) के पैर में गोली लगी है। इसके अलावा अभय चौहान (18 वर्ष), राजेंद्र चौहान, मनीष पुत्र मित्रपाल सिंह (28 वर्ष) तथा कृष्णपाल पुत्र गजराम सिंह (70 वर्ष) भी विवाद में घायल बताए जा रहे हैं।

घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी रही। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा तहरीर मिलने पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

